मुख्य मंत्री
बिहार

पटना
दिनांक 05.07.2024

संदेश

यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि स्वास्थ्य जागरूकता मिशन, भारतीय एक्युप्रेशर योग परिषद् एवं बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक **12** जुलाई **2024** को *31वाँ राष्ट्रीय एक्युप्रेशर/एक्युपंक्चर सम्मेलन – 2024* का अधिवेशन भवन, पटना में आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर स्मारिका का प्रकाशन भी प्रस्तावित है।

आरोग्यता मनुष्य की सबसे बड़ी पूँजी है। एक्युप्रेशर एक ऐसी लोकप्रिय चिकित्सा पद्धति है, जिससे अनेक रोग विशेषकर दर्द एवं नसों से संबंधित समस्याएं बिना दवा के दूर किए जा सकते हैं। मुझे विश्वास है कि सम्मेलन के आयोजन से एक्युप्रेशर/एक्युपंक्चर के प्रचार–प्रसार, अनुसंधान एवं सर्वसाधरण के बीच लोकप्रिय, विश्वसनीय एवं उपयोगी बनाने में सहायक साबित होगा। आशा है प्रकाश्य स्मारिका ज्ञानवर्द्धक एवं विद्यार्थियों, शिक्षकों, चिकित्सकों एवं रोगियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

मैं विद्यार्थियों एवं चिकित्सकों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु बधाई देता हूँ तथा स्मारिका के सफल प्रकाशन एवं उसकी उपयोगिता के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त करता हूँ।

(नीतीश कुमार)

मंगल पाण्डेय
मंत्री
स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग
बिहार, पटना

बिहार सरकार

Mangal Pandey
Minister
Health & Agriculture Department
Bihar, Patna

पत्रांक 368/मं०स्वा०

दिनांक 18.06.2024



"शुभकामना संदेश"

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि "स्वास्थय जागरूकता मिशन", भारतीय एक्यूप्रेशर योग परिषद एवं बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में पटना स्थित ओल्ड सेक्रेटेरियट कैम्पस स्थित अधिवेशन भवन में 12 जुलाई 2024 को 31 वां राष्ट्रीय एक्यूप्रेशर/एक्यूपंक्चर सम्मेलन–2022 का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। यह भी जानकारी मिली है कि इस सम्मेलन में संपूर्ण भारत से चयनित करीब 400 एक्यूप्रेशर एवं एक्यूपंक्चर चिकित्सक भाग लेंगे।

सम्मेलन में देश भर से आये एक्यूप्रेशर एवं एक्यूपंक्चर चिकित्सकों द्वारा नई पीढ़ी को मधुमेह रोग की एक्युप्रेशर द्वारा चिकित्सा एवं निदान समझने का मौका मिलेगा। साथ ही प्रकाशित स्मारिका से लोगों को एक्यूप्रेशर और एक्यूपंक्चर की विशेषता को समझने में काफी मदद मिलेगी।

अतएव, कार्यक्रम की सफलता एवं प्रकाशित स्मारिका के लिए मेरी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

(मंगल पाण्डेय)

नन्द किशोर यादव
अध्यक्ष
बिहार विधान सभा

सत्यमेव जयते

Nand Kishore Yadav
Speaker
Bihar Legislative Assembly

पत्रांक :

दिनांक: 18/06/24

शुभकामना संदेश

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि स्वास्थ्य जागरूकता मिशन, भारतीय एक्यूप्रेशर योग परिषद एवं बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 31वां राष्ट्रीय एक्यूप्रेशर/एक्यूपंक्चर सम्मेलन–2024 का आयोजन किया जा रहा है।

एक्यूप्रेशर और एक्यूपंक्चर वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति है। इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। इस चिकित्सा पद्धति का कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है। आज कई लोग इस पद्धति को अपना रहे हैं। यह मेरे लिए हर्ष का विषय है कि इस महत्वपूर्ण मौके पर एक स्मारिका का प्रकाशन भी किया जायेगा।

आशा है कि स्मारिका में संकलित आलेख इस चिकित्सा पद्धति से संबंधित जानकारी देकर इसके प्रचार–प्रसार में सहायक होंगे। स्मारिका के सफल प्रकाशन के लिए पूरी संपादकीय टीम को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाऐं।

(नन्द किशोर यादव)

Address : 2, Neta Ji Marg (Strand Road), Patna-800 001
Phone No.: 0612-2217856, 2217082 (O), 0612-2215715 (R), Fax No.: 0612-2217373
E-mail : yadav_nandkishore@yahoo.co.in